इस बैंक में निकलेंगी 2000 वैंकेसी, आज से ही शुरू कर दें तैयारी

एजुकेशन डेस्क। मप्र स्थित अपेक्स बैंक की स्थापना के बाद पहली बार 2000 रिक्त पदों पर अधिकारियों-कर्मचारियों की सीधी भर्ती होने जा रही है। इसके लिए बैंक प्रबंधन ने इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनल सिलेक्शन मुंबई (IBPS) को चयन का जिम्मा सौंपा है। वह प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से चयन करेगा। यह परीक्षा छह माह के भीतर होने की उम्मीद है।
पहली बार निकले इतने पद

अपेक्स बैंक सहकारिता के 110 साल के इतिहास में पहली बार एक साथ इतनी बड़ी भर्ती इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनल सिलेक्शन मुंबई (IBPS) से कराने जा रहा है। मप्र के सभी सहकारी बैंकों में खाली पड़े 2 हजार पदों को भरने के लिए बैंक प्रबंधन को रजिस्ट्रार सहकारिता से भी अनुमति मिल गई है। इसमें 400 पद ऑफिसर लेवल के और 1600 पद क्लर्क लेवल के रहेंगे। जल्द ही यह भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके पहले अपेक्स बैंक मैनेजमेंट ने एक साथ इतनी बड़ी भर्ती कभी नहीं की थी।